## एक नजर में

### राष्ट्र प्रेम, संस्कृति, समाज एवं युवा सशक्तिकरण पर होगा उद्बोधन

**खंडवा।** रोटरी क्लब खंडवा निमाड़ द्वारा राष्ट्र निर्माण और युवा जागरण के उद्देश्य से एक विशेष चिंतन सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर रविवार को अपराह्न ठीक 4 बजे से किशोर कुमार सभागृह, सर्किट हाउस के सामने, सिविल लाइन खंडवा में आयोजित होगा। समाजसेवी समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि इस चिंतन सभा में राष्ट्रप्रेम, संस्कृति, समाज और युवा सशक्तिकरण पर अपने प्रेरक विचार रखने हेतु देश के सुप्रसिद्ध चिंतक, राष्ट्रवादी वक्ता एवं पत्रकार पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहेंगे। वे देश, धर्म, अध्यात्म और राष्ट्रीय चेतना जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। रोटरी क्लब अध्यक्ष सुशील मण्डलोई और सचिव अतुल अत्रिवाल ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में राष्ट्र के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच विकसित करने का एक प्रयास है। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। इस आयोजन में विशेष सहयोग सुभाष बंसल मेमोरियल ट्रस्ट एवं के डी एम फाउंडेशन, लोटस सिटी, रितेश गुप्ता खंडवा का रहेगा। परियोजना संयोजक सुनील बंसल एवं लोकश झंवर हैं। रोटरी क्लब ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस प्रेरक चिंतन सभा का लाभ अवश्य उठाएं।

### माँ नर्मदा के तट पर प्रारंभ हुई दो दिवसीय सिंधी कहाणी लेखन कार्यशाला






**खंडवा।** सिंधी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा सलिला माँ नर्मदा के तट कौशल्या कुटी, बांद्राभान, नर्मदापुरम नगरी में दो दिवसीय सिंधी भाषा में वृहद कहाणी लेखन कार्यशाला का शुभारंभ माया नारोलिया राज्यसभा सदस्य, नीतू महेंद्र यादव अध्यक्ष नगर पालिका निगम नर्मदापुरम, राजेन्द्र ठाकुर सदस्य केंद्रीय संचार मंत्रालय राज्यभाषा के विशेष आतिथ्य एवं सिंधी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश भोपाल के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी की मौजूदगी में हुआ। यह जानकारी देते हुए सिंधी, हिंदी साहित्यकार निर्मल मंगवानी ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों व्दारा माँ सरस्वती एवं वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर हुआ। अतिथियों का स्वागत उपस्थित साहित्यकारों व्दारा शाल, पुष्प मालाओं से किया गया। कार्यशाला में खंडवा, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, नर्मदापुरम आदि शहरों के साहित्य सर्जनकारों को तीन सत्रों में प्रशिक्षक डा. कमला गोकलाणी जयपुर और अशोक जमनानी नर्मदापुरम ने कहानी लेखन में महत्वपूर्ण उपयोगी सुक्ष्म एवं की जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों व्दारा समीक्षा लच्छवाणी व्दारा लिखित पुस्तक ऊझामियल अखियू पुस्तक का विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र लच्छवाणी ने किया।

### जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया




**खण्डवा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खण्डवा के मनोरोग विभाग में जागरुकता कार्यक्रम कर मरीजों व उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधी समस्याओं के बारे में बताकर उपचार की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि मानसिक बीमारियों के सम्बंध में परामर्श के लिए टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 अथवा 18008914416 हेल्पलाइन नंबर पर मनोचिकित्सक की परामर्श सेवा 24 घंटे उपलब्ध है। साथ ही मनोरोगी जिला चिकित्सालय के मनकक्ष में आकर भी परामर्श व उपचार ले सकते हैं। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ.रंजीत बड़ोले, सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया, चिकित्सक, नर्सिंग छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित थे। मनोराग विशेषज्ञ डॉ. संजय इंगले ने कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में बताया कि मानसिक रोग से ग्रसित मरीजों की समस्याओं को समझे और उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश कर हौंसला बढ़ायें, मनोरोगियों के सहयोगी बने रहें, उनकी आलोचना न करें, बल्कि उपचार हेतु प्रोत्साहित करें। यदि तनाव हो तो गहरी सांस लेना, नियमित योग व पैदल चलना, व्यायाम करना, पर्याप्त भोजन करना व पर्याप्त नींद व आराम करने के लिए मरीज से कहा जाना चाहिए।

### स्त्री रोग विशेषज्ञों ने 616 गर्भवती महिलाओं की जाँच की



**खण्डवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की मातृत्व स्वास्थ्य जांच स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला अस्पताल खंडवा एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ व अन्य चिकित्सकों द्वारा कुल 616 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई और उनका उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को खण्डवा भेजकर उनकी नि:शुल्क सोनोग्राफी कराई जा रही है। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी दी जा रही हैं, ताकि मातृमृत्यु दर में कमी लायी जा सके।

# ऐसी दरिंदगी सुनी नहीं होगी आपने, हत्यारे को दुनिया से बेदखल करने की सजा!

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। खंडवा की अदालत ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। धड़ से सर को अलग करके व्यक्ति वहीं खड़ा रहा था। बेखौफ इरादों वाले इस व्यक्ति को समाज में नहीं रहने का फरमान जारी हुआ है। अदालत ने केवल सात माह में ऐसे दूर्दांत और खूंखार आरोपी को मृत्युदंड यानि फांसी की सजा सुनाई है। जादू टोने के शक में उसने पड़ोसी की ही गर्दन हलाल कर दी थी।**

### सर कटी लाश का पहरेदार बना हत्यारा



सर कटी लाश के पास नंदू पहरेदार जैसा खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर बैठा रहा। गांव के किसी व्यक्ति की हिम्मत नहीं हुई कि उसे पकड़ ले। पुलिस ने सुबह बड़ी मुश्किल से उसे काबू में किया। ऐसे दरिंदे का खौफ गांव में 8 दिन तक देखने को मिला था। अदालत ने ऐसी कई बातें देखी होंगी, जिसमें नंदू को गांव तो क्या, जिले या दुनिया में ही नहीं रखने लायक दिखा।

### केवल सात माह में नए कानून के तहत ऐतिहासिक फैसला



मात्र सात माह में नृशंस हत्या करने वाले आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। पूरे मामले में बोरगांव चौकी प्रभारी व डीएनए रिपोर्ट की भूमिका अहम रही है। मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके एडीपीओ ने बताया कि, 12 दिसंबर 2024 को पंधाना थानाक्षेत्र के छनेरा में आरोपी चंपालाल उर्फ नंदू ने अपने पड़ोस में रहने वाले रामनाथ पर जादू टोने की शंका में कुल्हाड़ी से वार कर गर्दन शरीर से अलग कर दी थी। मृतक रामनाथ की पत्नी ने शोर मचाया। तभी आसपास के लोग मृतक के घर पास पहुंचे।

### खूंखार दरिंदे के ऐसे थे इरादे

आरोपी नंदू कुल्हाड़ी लेकर टीन के बरामदे में लाश के पास खड़ा रहा था। चिल्लाता रहा था कि कोई पास में आएगा तो उसे भी कुल्हाड़ी से काट दूंगा। डर के कारण घर के कारण उसके पास कोई नहीं गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थ पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके हाथ से कुल्हाड़ी जब्त की गई।

### पुख्ता साक्ष्य ने दिलाई फांसी

एसआई. रामप्रकाश यादव ने मृतक का सिर एवं धड़ अलग-अलग बरामद किए थे। मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया। न्यायालय ने डीएनए रिपोर्ट एवं घटना स्थल पर पुलिस की उपस्थिति को अहम साक्ष्य माना।

## जलकर एवं संपत्तिकर बकाया वसूली की



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। नगर निगम खंडवा के राजस्व विभाग द्वारा खानशाहवली वार्ड क्षेत्र में बकाया करदाताओं के विरुद्ध वसूली कार्रवाई की गई। इस दौरान संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से राशि वसूल की गई तथा कर जमा नहीं करने वाले दो बकायादारों के नल संयोजन विच्छेद किए गए।**

साथ ही क्षेत्र में पाए गए 5 अवैध नल संयोजनों को भी तत्काल प्रभाव से विच्छेदित किया गया। कुल मिलाकर 7 नल विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया एवं अन्य देय राशि शीघ्रता से नगद संग्रह केंद्र या अपने संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के माध्यम से जमा करें, ताकि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

## 5 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जिला बास्केटबॉल संघ के पांच खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता हेतु चयनित उक्त जानकारी देते हुए संघ सचिव विजय पामेचा ने बताया कि 13.10.25 से 17 तक गुना में आयोजित जूनियर शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। पांचो खिलाड़ी उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। गत दिनों उज्जैन में आयोजित संभागीय शालेय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों के नाम बालक वर्ग में करणीसिंह चंद्रावत (सेंटपॉल स्कूल) अरहम शेखावत (महावीर स्कूल) एवं बालिका वर्ग में दीप्ति भट्ट (सेंटपॉल स्कूल) प्रियांशी केथवास (सेंटपीटर स्कूल) नैंसी बारीड (त्रिमूर्ति स्कूल), उज्जैन संभागीय दल के प्रशिक्षक के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रशिक्षक मनुदेवसिंह महेंद्र गंगवाल, सुशील कोचट्टा, अरुण संघवी, विकास जायसवाल, विनोद चौरसिया, प्रशिक्षक बास्केटबॉल संघ के सदस्यों खलाड़ियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की

## बीमार हुए जमुनिया शंकर के मरीजों की स्क्रीनिंग जारी



**रतलाम।** जिले के ग्राम जमुनिया शंकर ब्लॉक आलोट में बुखार के अधिक मरीज मिलने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी।

**जांच उपचार एवं सर्वे कर निगरानी रखी जा रही है**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक सुधारात्मक एवं प्रतिबंधात्मक उपाय करने के निर्देश जारी किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, जिला मलेरिया अधिकारी एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक आलोट डॉ देवेंद्र मोर्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती पूजा गुप्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ देवेंद्र मौर्य ने लार्वा सर्वे टीम मे नो सदस्यों को नामांकित कर ग्रामीण क्षेत्र में सघन सर्वे कर बुखार के मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया है।

विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार फॉगिंग, स्प्रे आदि की कार्यवाही की जा रही है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे द्वारा बताया गया कि डेंगु को खत्म करने के लिये हमें घर से शुरूआत करनी पड़ेगी, घर में जमा पानी की निकासी व मच्छर से बचाव के तरीके अपनाने होंगे।

यदि डेंगू बीमारी के लक्षण दिखते है तो तत्काल शासकीय जिला चिकित्सालय व शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम में जाकर चिकित्सक से परामर्श, नि:शुल्क जाँच एवं उपचार ले।

### डेंगू बचाव संबंधी एडवाइजरी

डेंगू डेन वायरस से फैलने वाला संचारी रोग है। जो संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, यह मच्छर दिन के समय प्राय: सुबह व शाम के समय काटता है, डेंगू का कोई टीका या दवा नहीं है, अत: एडीज मच्छर के काटने से बचाव एवं संक्रमित मच्छरों के लार्वा का विनिष्टीकरण ही इसका एकमात्र उपाय है। एक बार शरीर में डेन वायरस का संक्रमण होने के बाद डेंगू बुखार के लक्षण 5-6 दिन पश्चात प्रकट होते है।

## बहते पानी को रोकने के लिए विद्यार्थियों ने बनाया बोरी बंधान

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वर्षा ऋतु की समाप्ति के साथ ही अपने क्षेत्र के नदी नालों में बहते पानी को रोकने के उद्देश्य से बोरी बंधान संरचनाएं बनवाने के निर्देश दिए हैं।**



उन्होंने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि स्कूली विद्यार्थियों से श्रमदान कराकर ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों में बोरी बंधान संरचनाएं बनवाएं ताकि बहते पानी को रोका जा सके। बोरी बंधान के कारण रुके हुए पानी से आसपास के जल स्रोतों में पानी का स्तर बढ़ेगा।

इसी क्रम में शनिवार को शासकीय हाई स्कूल खिड़गाँव के छात्रों द्वारा सिंगोटट्ठ गाँधवा रोड पर हाई स्कूल खिड़गाँव के पास धावड देव पुलिया के नाले पर श्रमदान कर बोरी बांध बनाया। इसके अलावा ग्राम देवली खुर्द, देवली कला, आवलिया नागोत्तर और ग्राम दौंगलिया सहित अन्य ग्रामों में भी ग्रामीणजनों ने शनिवार को श्रमदान कर बोरीबंधान का निर्माण किया।



## मधुमेह चौपाल में 250 का शुगर परीक्षण किया

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब रतलाम क्लासिक तथा लायंस क्लब रतलाम गोल्ड द्वारा 80 फीट रोड स्थित हनुमानतल पर विशाल मेगा मधुमेह चौपाल लगाकर लोगों की शुगर टेस्ट कर जांच की गई।

प्रात: 7 से 9 बजे तक लगाए गए शिविर में लगभग ढाई सौ लोगों का शुगर एवं ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि झोन चेयर पर्सन ला सरोज ओझा, लायंस क्लब क्लासिक के अध्यक्ष एम.के. जैन, सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप निगम, गोल्ड अध्यक्ष पुष्पा वासन, सचिन, संतोष पुरोहित, आरती त्रिवेदी, संतोष जोशी, कविता राजपुरोहित, बी.के. जोशी आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** — तनाव मुक्त जीवन से ही संभव है सच्ची समाजसेवा, तनाव मुक्त जीवन के प्रेरणा स्रोत बने समाजसेवी सुनील जैन

# समाजसेवी सुनील जैन का शाल, श्रीफल व सम्मान पत्र से सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। मानसिक तनाव मुक्त जीवन से ही व्यक्ति स्वयं के साथ समाज के लिए भी उपयोगी बन सकता है। मानसिक तनाव की स्थिति हर व्यक्ति के जीवन में आती है, परंतु संयम, धैर्य और उपचार से उसका समाधान संभव है। यह प्रेरणादायी विचार समाजसेवी सुनील जैन ने लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा विश्व मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम में व्यक्त किए।**




**उन्होंने कहा कि आज से** 25 वर्ष पूर्व वे गंभीर पेट दर्द से अत्यधिक परेशान रहे। कई डॉक्टरों के इलाज के बाद भी राहत नहीं मिली। अंतत: मुंबई में वर्ष 2000 में दीपावली के पूर्व भर्ती हुआ जहां मेरी हालत और चिंताजनक होती रही। अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर बंका से निवेदन किया कि मेरी स्थिति लगातार बिगड़ रही है अत: आप मुझे एक एक ऐसा इंजेक्शन जिससे मुझे हमेशा के लिए नींद आ जाए लगा दो। डॉक्टर ने कहा कि कभी भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए तनाव मन में नहीं होना चाहिए सब ठीक होगा। दूसरे दिन इंडेक्सकोपी जांच के दौरान पता चला कि छोटी आंत में घाव था, उसे निकालनी पड़ेगी। ऑपरेशन के पूर्व एक्स-रे जांच में यह पाया गया कि मेरे शरीर में सिर्फ एक किडनी है यह बात भी मुझे परिजनों को मालूम नहीं थी डॉक्टर के अनुसार जन्म से ही उनकी एक ही किडनी है। 10 घंटे का ईश्वर कृपा से सफल ऑपरेशन हुआ। तनाव मुक्त जिंदगी के कारण इतनी उम्र में भी पूर्णत: फिट रहकर ईश्वर के आशीर्वाद से लगातार समाज सेवा के कार्य में सतत लगा हुआ हूं। पेट के डॉक्टरों ने सलाह दी कि यदि वे तनावमुक्त जीवन अपनाएँगे तो पूर्णत: स्वस्थ रहेंगे। तब से मेने तनाव मुक्त रहकर खुद को समाजसेवा में समर्पित कर दिया।

लायन्स क्लब अध्यक्ष व पतंजलि योग प्रशिक्षक आशा उपाध्याय ने स्वागत उदबोधन देते हुए मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अपना उदबोधन देते हुए योग व प्राणायाम से मानसिक स्वस्थ्य रहने की महत्वपूर्ण टिप्स बताई। सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, लियो क्लब अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के मार्गदर्शन में यह आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समाजसेवी सुनील जैन का शाल, श्रीफल व सम्मान पत्र से सम्मान किया गया। सम्मान स्वीकार करते हुए वे भावुक हो उठे और बोले, लायन्स क्लब जैसी सेवाभावी संस्था से सम्मान पाकर मैं आभारी हूँ, यह प्रेरणा सेवा कार्यों को और गति देगी। कार्यक्रम में गांधीप्रसाद गदले, अखिलेश गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, राजीव शर्मा, घनश्याम वाधवा, सनत श्रीमाली और सुशीला गदले ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती ने किया तथा आभार अखिलेश गुप्ता ने माना।

### सेवा सप्ताह प्रभारी नारायण बाहेती ने कहा

सेवा सप्ताह प्रभारी नारायण बाहेती ने कहाकि श्री जैन तनाव मुक्त हुए तभी वे अज्ञात नवजात शिशुओं का संरक्षण, लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार, नेत्रदान, देहदान, धार्मिक आयोजन, निर्धन सेवा, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और अनेक सामाजिक संस्थाओं में प्रवक्ता के रूप में कार्य कर शहर के विकास में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। हमें भी तनावमुक्त रहकर दूसरों को प्रेरित करना चाहिए।